# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 26 मार्च, 2015/5 चैत्र ,1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 22**

----

### लिंगानुपात की स्थिति

***1764 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में जिलावार लिंगानुपात की स्थिति क्या है;

(ख) सरकार घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) गत दो वर्षों में कन्या भ्रूण हत्या के कितने मामले सामने आए तथा उन पर क्या कार्रवाई की गई?

----

### शालाघाट-कोटली पेयजल योजना

***1765 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) अर्की विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत शालाघाट-कोटली पेयजल योजना-IIIrd Stage के कार्य की निविदाएं कब की गई हैं; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## पदपूर्ति

*1766 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में जसवां-प्रागपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत तहसीलें जसवां व रक्कड़ में कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा पदवार दें; और

(ख) कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

----

## वन रक्षकों की रिक्तियां

*1767 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में वन रक्षकों (Forest Guards) के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

*1768 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; इन को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## T.D. Rights

*1769 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that people of Lahaul & Spiti who have shifted after 1911 and enrolled themselves in voter lists of Kullu and have given up their voting and forest rights in Lahaul; and

(b) if yes, why the T.D. rights to those people are not being given at Kullu; details with reasons be given?

----

## शल्य चिकित्सा

*1770 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि वर्तमान में इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला में हृदय शल्य चिकित्सा बंद हो गयी है; यदि हां, तो कब तथा ब्यौरा कारणों सहित दें ; और

(ख) दिनांक 15.2.2015 के कितने मरीजों को हृदय शल्य चिकित्सा हेतु dates दी गई तथा इनमें से कितनों को दूसरे अस्पतालों को रैफर किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## वन क्षेत्र

*1771 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शिलाई, पांवटा विधान सभा चुनाव क्षेत्रों व वन मण्ड़ल (Forest Division) रेणुका के अन्तर्गत चूना पत्थर की कौन-कौन सी खानों के साथ कितना-कितना वन क्षेत्र है; ब्यौरा दें ?

----

## आवास आबंटन

*1772 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वित्तीय वर्ष 2014-15 में शिमला नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत शहरी गरीब लोगों के लिए कितने आवास बनाने का लक्ष्य है और 15 फरवरी, 2015 तक कितने आवास बन चुके हैं; और

(ख) वर्तमान में निर्मित आवासों में से कितने आवास लाभार्थियों को आबंटित किए गए तथा आबंटन की प्रक्रिया की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## पेयजल योजना

*1773 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 15 पंचायतों (चण्ड़ी क्षेत्र) के लिए पेयजल योजना के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) इसका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## HIMUDA Scheme

*1774 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि हिमुडा ने Land Owner Become Partner With HIMUDA के नाम से योजना लांच की है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## Budget Provision

*1775 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-
(a) whether it is a fact that budget for the projects (Irrigation and Water Supply) approved under NABARD is being granted as per the schedule for completion of project;

(b) if yes, why the budget approved for Nalagarh Assembly Constituency is significantly on lower side; details be given; and

(c) whether the Department is proposing to provide the budget as per schedule during the current financial year ?

----

## भवन निर्माण

*1776 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि तहसील कल्याण कार्यालय इन्दौरा के भवन का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो कब तक बन कर तैयार हो जाएगा; और

(ख) तहसील कल्याण अधिकारी के रिक्त पद को कब तक भर दिया जायेगा ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

*1777 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Vacant Posts of HDO/HEO

*1778 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of HDO&HEO are there in the State and out of these how many posts are lying vacant and since when (details be given district-wise, block-wise) ; and

(b) what steps has the Government taken to fill up these posts ?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

*1779 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) 31 मार्च, 2013 तक प्रदेश में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मैडिकल कॉलेज टांडा व इंदिरा गाँधी मैडिकल कॉलेज शिमला में MBBS, MS, MD, DM, MCH विषयों की कितनी-कितनी सीटें थी; ब्यौरा कॉलेज व विषयवार दें;

(ख) 28 फरवरी, 2015 तक उपरोक्त कॉलेजों में इन विषयों की कितनी-कितनी सीटें हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) MD, MS व DM, MCH की सभी सीटें भरी हुई हैं; यदि नहीं, तो कौन-कौन सी और क्यों खाली हैं व सभी MCI से मान्यता प्राप्त हैं; यदि नहीं, तो कौन-कौन से विषय मान्यता प्राप्त नहीं है; ब्यौरा कारणों सहित दें ?

----

## पंचायतों को सम्मिलित करना

*1780 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल करसोग की कितनी पंचायतों को सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल सुन्दरनगर में मिलाया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## Patwar Circle in Rohru Sub-division

*1781 **Shri Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many Patwar Circles are there in Rohru Sub-division;

(b) how many Patwar Circles have their own buildings; and

(c) how many posts of Patwaris are lying vacant in Rohru Sub-division; details be given?

----

## कूहल मरम्मत

*1782 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में विकास खण्ड गोपालपुर में कितनी सिंचाई कूहलें हैं जो राजस्व रिकार्ड में दर्ज़ हैं; ब्यौरा कूहल के नाम सहित दें;

(ख) इनमें से कौन-कौन सी कूहलें क्षतिग्रस्त हैं;

(ग) सरकार क्या इनकी मरम्मत कर इन्हें पुनः चालू करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो इनकी मरम्मत हेतु कितने धन का प्रावधान किया है; ब्यौरा दें ?

----

## दुरूस्ती के मामले

*1783 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2006 से 15.02.2015 तक भू-व्यवस्था मण्डल, धर्मशाला के अन्तर्गत बन्दोबस्त के उपरान्त कितने मामले दुरूस्ती इन्द्राज के प्राप्त हुए; और

(ख) इनमें से कितने निपटाए गए और कितने लम्बित हैं; ब्यौरा तहसीलवार दें ?

----

## अवैध कटान के मामले

*1784 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने मामले अवैध कटान के सरकार के ध्यान में आए और कितने मूल्य की लकड़ी का प्रत्येक मामले में अवैध कटान हुआ; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) बैम्लोई (Bemloe) तथा तारादेवी में हुए अवैध कटान में की गई कार्रवाई की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दोषी पाए गए व्यक्तियों सहित दें ?

----

## रिक्त पद

*1785 **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में मण्डी राजस्व मण्डल में कितने पद तहसीलदार व नायब तहसीलदार के रिक्त हैं; ब्यौरा तहसीलवार दें; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को भरने हेतु कब तक DPC करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 10 मार्च, 2015.** **सचिव।**